Rajendra Institute of Medical Sciences, Ranchi

सर्वे सन्तु निरामयाः

# RIMS LAST WEEK

## E-NEWS

**October 20-26, 2024**

VOLUME 01| ISSUE 12









October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## प्रधान सचिव द्वारा समीक्षात्मक बैठक

रिम्स के आधारभूत संरचनाओं, चिकित्सा व्यवस्था में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था तथा नियुक्ति एवं प्रोन्नति से संबंधित आज समीक्षात्मक बैठक प्रधान सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रिम्स निदेशक प्रो डॉ राजकुमार, डीन प्रो डॉ शशि बाला सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ हिरेंद्र बिरुआ, अपर निदेशक श्रीमती सीमा सिंह, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, अन्य पदाधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष बैठक में उपस्थित रहें।



October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## परिसर का निरीक्षण, सफाई एजेंसी को शो कॉज

रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार द्वारा अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान जगह जगह गंदगी पायी गयी जिसके लिए उन्होंने साफ़ सफाई एजेंसी मेसर्स अन्नपूर्णा युटिलिटी सर्विसेस को शो कॉज करते हुए जवाब मांगने हेतु उपाधीक्षक 2 डॉ अजय कुमार को निर्देश दिए हैं| साफ़ एजेंसी को बार बार चेतावनी के बाद भी प्रशासनिक भवन, एनाटॉमी लेक्चर थिएटर, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, OPD कॉम्पलेक्स में सीढ़ी के नीचे, शौचालय, कैदी वार्ड, अस्थि एवं जोड़ रोग विभाग व अन्य जगह कूड़ा व गंदगी देख कर निदेशक ने एजेंसी पर नाराजगी जताई एवं उचित कार्यवाई करने के आदेश दिए हैं| वहीं मल्टीस्टोरी पार्किंग के आस-पास जाम नालियों को तत्काल प्रभाव से ठीक करने हेतु पेय जल एवं स्वच्छता विभाग और सफाई एजेंसी को आदेश दिए हैं।



October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK
## E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12



परिसर में जगह जगह गंदगी





RIMS LAST WEEK
E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## परिसर का निरीक्षण

OPD कॉम्पलेक्स में कई जगह पर बिजली के नंगे एवं खुले तार व पैनल पाए गए जिसके लिए डॉ राज कुमार ने बिजली विभाग को विद्युत सुरक्षा एवं आग लगने/स्पार्किंग को रोकने के लिए तुरंत प्रभाव से सुरक्षा मापदंडों (Electrical Safety) के अनुसार कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा एवं मरीज हित को ध्यान में रखते हुए औषधी रोग विभाग में लिफ्टों के बाहर टूटे ग्रेडल, अवशेष इत्यादि तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए बिजली विभाग को आदेश दिए हैं।



साथ ही अस्पताल भ्रमण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया एवं निदेशक को सूचित किया गया कि वार्डों से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इसका त्वरित संज्ञान में लेते हुए निदेशक ने बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिए हैं।

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## निर्माणाधीन सेंट्रल लैब के कार्य प्रगति का निरीक्षण

रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने OPD कॉम्पलेक्स में निर्माणाधीन सेंट्रल लैब का निरीक्षण किया एवं कार्य प्रगत्ति की जानकारी ली। उन्होंने संपदा पदाधिकारी एवं भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हीरेन्द्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी व उपाधीक्षक 2 डॉ राजीव रंजन मौजूद थे|





October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## 9-15 जनवरी' 25 से होगा पलाश का आयोजन




रिम्स के वार्षिक महोत्सव (Fest) पलाश का आयोजन 2025 में 9 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जायेगा| इस बार के फेस्ट के थीम "कार्निवल और थिएट्रिकल्स" हैं एवं महोत्सव को ला फिएस्टा नाम दिया गया है| वार्षिक महोत्सव के दौरान प्रतियोगिताओं के साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा| गुरुवार को पलाश 2024 का पोस्टर जारी किया गया और फेस्ट से संबंधित गतिविधि पर चर्चा की गई। इस वर्ष फेस्ट से पहले Palestra की शुरुआत की जा रही है जिसमें विभिन्न खेलों का आयोजन किया जायेगा|



October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## 2024 बैच को दिलाई गयी Cadaveric Oath

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के वर्ष 2024 बैच के MBBS व BDS के छात्रों को Cadaveric oath (शव की शपथ) दिलाई गई। डीन प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह के नेतृत्व में एनाटॉमी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ.) धर्मेंद्र कुमार ने छात्रों को शव शपथ दिलाई, जिसके तहत छात्रों ने शवों का सम्मान करने, उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करने और प्राप्त ज्ञान से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।

डीन डॉ. शशि बाला सिंह ने इस शपथ के महत्व के विषय में छात्रों को बताया और कहा कि इस देह के माध्यम से सभी छात्रों को पढ़ने का अवसर मिलेगा इसलिए यह मात्र देह नहीं है यह हमारे गुरु समान हैं और इसका हमें सम्मान करना है|"

प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र कुमार ने कहा चिकित्सकों के लिए मानव शरीर ही पहला शिक्षक माना जाता है, इसलिए यह शपथ ली जाती है|



October 20-26, 2024

# RIMS LAST WEEK E-NEWS

VOLUME 01| ISSUE 12

## रक्तदान शिविर का आयोजन

रिम्स 2024 बैच के MBBS व BDS छात्रों के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 87 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ|





# RIMS LAST WEEK
## E-NEWS

रिम्स से जुड़ी सही खबरों के लिए रिम्स के **Facebook**, **X** (formerly Twitter) और **Youtube Channel** से जुड़ें|

@Rims Ranchi

@ranchi_rims

@rimsranchi3365